Code No. 66/2/3
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) *Answers to questions carrying **2–3** marks should not exceed **30–40** words.*

(ii) *Answers to questions carrying **4–5** marks should not exceed **60–80** words.*

(iii) *Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(iv) *Attempt all parts of a question together.*

सामान्य निर्देश :

(i) ***2–3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30–40** शब्दों से अधिक न हों।*

(ii) ***4–5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60–80** शब्दों से अधिक न हों।*

(iii) ***6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।*

(iv) *किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।*

1. Differentiate between 'marketing' and 'selling' on the basis of (i) scope and (ii) stage of start of these activities. 2

'विपणन' एवं 'विक्रय' में (i) क्षेत्र एवं (ii) उनकी क्रियाओं के आरम्भ की अवस्था, के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए।

2. Explain, in brief, the term 'supervision' as an element of directing. 2

निर्देशन के तत्त्व के रूप में 'पर्यवेक्षण' शब्द को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

3. What is meant by the societal concept of 'marketing' ? 2

'विपणन' की सामाजिक विचारधारा का क्या अर्थ है ?

4. Explain, in brief, 'management' as a process. 2

प्रक्रिया के रूप में 'प्रबन्ध' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

5. Give two instances of impact of changes in political environment on companies. 2

कम्पनियों पर राजनैतिक वातावरण के परिवर्तनों से होने वाले प्रभाव के दो उदाहरण दीजिए।

6. Explain briefly any three features of personal selling. 3

व्यक्तिगत विक्रय के किन्हीं तीन लक्षणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

7. Explain in brief any three methods used by public relations professionals to influence the public opinion for shaping the public image of a business enterprise. 3

संक्षेप में ऐसी किन्हीं तीन विधियों को स्पष्ट कीजिए जिन्हें जन-सम्पर्क विशेषज्ञ एक व्यावसायिक उद्यम की लोक छवि बनाने के लिए लोकमत पर प्रभाव डालने हेतु प्रयोग करते हैं।

8. Explain any three points that highlight the nature of principles of management. 3

ऐसे कोई तीन बिन्दु स्पष्ट कीजिए जो प्रबन्ध के सिद्धान्तों की प्रकृति दर्शाते हों।

9. "Leadership is the source of motivation." Do you agree ? Give three reasons in support of your answer. 3

''नेतृत्व अभिप्रेरणा का स्रोत है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में तीन कारण दीजिए।

10. Enumerate any three advantages of 'informal communication' from the point of view of members of an organisation and from the point of view of management. 3

किसी संगठन के सदस्यों के विचार से तथा प्रबन्ध के विचार से 'अनौपचारिक सम्प्रेषण' के किन्हीं तीन लाभों की गणना कीजिए।

11. You are a finance expert. One of your friends comes to you and tells you that the capital market and the money market are one and the same, whereas you differ with him. How would you convince him ? Give any four reasons. 4

आप एक वित्त विशेषज्ञ हैं। आपका एक मित्र आपके पास आता है तथा आपको बताता है कि पूँजी बाज़ार एवं मुद्रा बाज़ार एक ही हैं, जबकि आप उससे भिन्न विचार रखते हैं। आप उसे कैसे विश्वास दिलाएँगे ? कोई चार कारण दीजिए।

12. Which method of wage payment — Time-rate or Piece-rate — would you adopt under each of the following situations ? Give reasons in support of your answer. 4

(i) Where the output of learners cannot be expected to reach the minimum standard,

(ii) Where there is clear relationship between efforts and output,

(iii) Where units of output cannot be measured, and

(iv) Where quality is less important than quantity

निम्नलिखित स्थितियों में आप पारिश्रमिक भुगतान की कौनसी विधि — समयानुसार अथवा कार्यानुसार — अपनाएँगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

(i) जहाँ सीखने वालों के उत्पाद की न्यूनतम मानक तक पहुँचने की आशा न हो,

(ii) जहाँ प्रयत्नों तथा उत्पादन में स्पष्ट सम्बन्ध हो,

(iii) जहाँ उत्पादन की इकाइयाँ मापी न जा सकती हों, एवं

(iv) जहाँ उत्पाद का गुण उसकी मात्रा से अपेक्षाकृत कम महत्त्वपूर्ण हो।

13. State any four protective functions of Securities and Exchange Board of India (SEBI). 4

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के कोई चार रक्षात्मक कार्य बताइए।

14. Which principle of management aims at securing the loyalty and devotion of the employees by giving them kind, fair and just treatment ? Explain the principle with a suitable example. 4

प्रबन्ध के कौनसे सिद्धान्त का उद्देश्य, दया, निष्पक्ष एवं उचित व्यवहार करके कर्मचारियों से श्रद्धा एवं निष्ठा प्राप्त करना है ? सिद्धान्त को उचित उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

15. "The concept of decentralisation is related to the concept of delegation." Explain the statement, in brief. 4

''विकेन्द्रीकरण की अवधारणा प्रत्यायोजन की अवधारणा से सम्बन्धित है।'' इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

16. Explain, in brief, any five benefits of understanding environment in shaping the future of business. 5

व्यवसाय के भविष्य को बनाने में वातावरण की समझ के किन्हीं पाँच लाभों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

17. "Management and administration mean the same thing." Explain the view. 5

''प्रबन्ध एवं प्रशासन का अभिप्राय एक ही है।'' इस दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

18. Explain, in brief, any five factors that should be taken into consideration while determining the long-term dividend policy. 5

ऐसे किन्हीं पाँच घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन्हें दीर्घकालीन लाभांश नीति का निर्धारण करते समय ध्यान में रखना चाहिए।

19. Explain briefly any five points which highlight the importance of controlling. 5

ऐसे कोई पाँच बिन्दुओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो नियंत्रण के महत्त्व को दर्शाते हैं।

20. "Over-capitalisation is a curse to the shareholders." Do you agree with the statement ? Give reasons. 5

''अति-पूँजीकरण अंशधारियों के लिए अभिशाप है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण दीजिए।

21. Explain the following rights of consumers : 6

(i) The Right to basic needs,

(ii) The Right to safety, and

(iii) The Right to redressal of grievances

OR

Explain any four responsibilities of a consumer.

उपभोक्ताओं के निम्नलिखित अधिकारों को स्पष्ट कीजिए :

(i) मौलिक आवश्यकताओं का अधिकार,

(ii) सुरक्षा का अधिकार, तथा

(iii) शिकायत के निवारण का अधिकार।

अथवा

उपभोक्ता के किन्हीं चार दायित्वों को स्पष्ट कीजिए।

22. Explain briefly any six steps in the formulation of a plan. 6

OR

Explain, in brief, the terms 'policy' and 'procedure' as types of plans and give any four points of distinction between them.

योजना बनाने में निहित किन्हीं छः चरणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

योजनाओं के प्रकार के रूप में 'नीति' एवं 'विधि' शब्दों के अभिप्राय को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए तथा उनके अन्तर के कोई चार बिन्दु दीजिए।

23. What is meant by 'organising' ? Explain, in brief, the steps involved in the process of organising. 6

OR

Explain the term 'decentralisation', in brief, and distinguish between 'decentralisation' and 'delegation' of authority on the basis of (i) scope, (ii) significance, (iii) freedom of action, and (iv) essentiality.

'संगठन' का क्या अर्थ है ? संगठन की प्रक्रिया में निहित चरणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'विकेन्द्रीकरण' शब्द को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए तथा प्राधिकार 'विकेन्द्रीकरण' एवं 'प्रत्यायोजन' में (i) क्षेत्र, (ii) महत्त्व, (iii) क्रिया की स्वतन्त्रता, तथा (iv) अनिवार्यता के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए।

24. Explain, in brief, any six steps in the staffing process. 6

OR

Explain briefly any six reasons as to why the training of employees is needed.

नियुक्तिकरण प्रक्रिया में निहित किन्हीं छः चरणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्मचारियों का प्रशिक्षण क्यों आवश्यक है ? किन्हीं छः कारणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

25. "Advertising confuses rather than helps" and "Some advertisements are in bad taste". Do you agree ? Give reasons. 6

OR

Explain briefly any six factors that should be taken into consideration while taking decisions on a particular medium of advertisement.

''विज्ञापन भ्रान्ति उत्पन्न करता है न कि सहायता करता है'' तथा ''कुछ विज्ञापन रुचिकर नहीं होते हैं''। क्या आप सहमत हैं ? कारण बताइए।

अथवा

ऐसे किन्हीं छः घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो विज्ञापन के एक विशिष्ट माध्यम पर निर्णय लेते समय ध्यान में रखने चाहिए।